RISE FOUNDATION

# राइज़ फाउण्डेशन, जयपुर

# वार्षिक रिपोर्ट 2021-22



पंजीकृत कार्यालयः
सी-47, एफ-4, मंगलम् सिंटी,
कालवाड़ रोड़, जयपुर ( राज. )
सम्पर्क नं. 7877318378,
8058401819
Email: risefoundation20@gmail.com

3/31/2022

# विषय सूची


राइज़ फाउंडेशन का उद्भवः ........................................................................3

विजनः....................................................................................................4

मिशनः...................................................................................................4

उद्देश्यः ..................................................................................................4

1. कोविड रिलीफ कार्यक्रमः .....................................................................5

2. कोविड वेक्सीनेशन जागरूकता अभियानः ..................................................5

3. अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम विरोधी दिवस : ......................................................6

4. नांमाकन जागरूकता अभियानः................................................................7

5. किशोरी बालिका सशक्तिकरण हेतु शिक्षा सेतु नामांकन अभियान : ...............7

6. टीचर्स डे :...........................................................................................8

7. अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस :...................................................................8

8. कोविड की द्वितीय लहर का बच्चों पर प्रभाव पर सर्वेः ..................................9

9. बाल अधिकार सप्ताह 2022: ..................................................................9

10. महिला हिंसा विरोधी दिवसः ................................................................10

11. अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस 2021: ...................................................10

12. अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2022:..........................................................11

13. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 : ..........................................................11

14. राइज़ फाउण्डेशन बोर्ड की वार्षिक बैठकः- ...............................................12

15. नेटवर्किंग एवं सहयोगी संस्थाएं :............................................................13

# राइज़ फाउण्डेशन का परिचय

## राइज़ फाउंडेशन का उद्भवः

राइज़ फ़ाउंडेशन टीम में ग्रामीण विकास, ग्रामीण प्रबंधन, कानून और सामाजिक क्षेत्र में युवा प्रतिबद्ध और पेशेवर रूप से योग्य लोग शामिल हैं। राइज़ फ़ाउंडेशन के पास किशोर, महिला अधिकार, बाल अधिकार और बाल संरक्षण, शिक्षा, आजीविका और स्वास्थ्य के प्रबंधन में महत्वपूर्ण रूप से संस्था विकास, पैरवी/वकालत, अनुसंधान और सबसे महत्वपूर्ण क्षमता निर्माण और सहायता प्रदान करने वाले मुद्दों पर काम करने की आंतरिक क्षमता है। बाल संरक्षण पदाधिकारी। राइज़ फ़ाउंडेशन टीम की सबसे बड़ी ताकत क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को डिजाइन करने, योजना बनाने और संचालित करने की क्षमता है।

RISE का अर्थ है रिजुवेनेट इंटीग्रेटेड सस्टेनेबल एंड एम्पावरमेंट जो एक स्थाई सहयोग का प्रयास करना है और इसका उद्देश्य कमजोर या वंचित समुदायों को ज्ञानवर्धन समाज में बदलने के लिए एक मॉडल बनाना है और समाज के पिरामिड के निचले पायदान पर लोगों को इंटरनेट से जोडते हुए उनके समग्र विकास की परिकल्पना करते है।

राइज़ फाउण्डेशन में लंबे समय से ग्रामीण विकास में लगे प्रेरित और प्रतिबद्ध युवाओं द्वारा वर्ष 2020 में राजस्थन ट्रस्ट एक्ट, 1959 के तहत एक सार्वजनिक ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत किया गया है। जैसा कि **'RISE'** शब्द से पता चलता है, जिसका एक अर्थ है ''ऊपर उठने की एक प्रक्रिया'' संगठन पहले सीखने की एक नई परिवर्तन विकसित करने का प्रक्रिया एवं प्रयास है -एक ऐसी प्रक्रिया जो एक व्यक्ति से दूसरे तक वॉलंटियर्स के माध्यम से सामाजिक विकास के लिए एक साथ आगे बढ़ने का प्रयास करता है। संस्था, सरकार, समुदाय, व्यक्तिओं और नागरिक समाज के साथ एक नेटवर्क बनाकर सामूहिक रूप से काम करता है। संगठन का प्रयास संगठन के भीतर और बाहर एक धर्मनिरपेक्ष, गैर-भेदभावपूर्ण, बिना डरे, पारदर्शी व गैर-श्रेणीबद्ध वातावरण हेतु योगदान करना है। संगठन का मुख्य कार्य है कि सामाजिक रूप से वंचित और हाशिए पर रहने वाले समूहों, वंचित समुदायों के साथ काम करने पर ध्यान केंद्रित करना है, जो कमजोर और कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सब में एक विचार व्यक्ति करने की शक्ति हैं, एक विचार है दूसरों की सेवा करते हुए अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित करते है। हमारा लक्ष्य जाति, धर्म, समुदाय, भाषा या क्षेत्र के प्रति पूर्ण उदासीनता के साथ मानवता की सेवा करना है।

भारत दुनिया का सबसे युवा देश बनने के लिए तैयार है, जिसकी लगभग एक तिहाई आबादी- 440 मिलियन व्यक्ति- 18 वर्ष से कम आयु के हैं। यह भारत को दुनिया में बच्चों की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बनाता है। बच्चे भारत की आबादी का लगभग 40% हैं। बच्चों को हिंसा, दुर्व्यवहार और शोषण से निरंतर और समग्र रूप से संरक्षण देने की चिंता और आवश्यकता में वृद्धि हो रही है। इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एकीकृत बाल संरक्षण योजना ( ICPS ) द्वारा कई मौजूदा बाल संरक्षण योजनाओं को एक व्यापक छतरी के नीचे लाती है, और बच्चों की सुरक्षा और उनके पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त हस्तक्षेपों को एकीकृत करती है। यह संगठन उक्त योजना एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम को लागू करने एवं क्रियान्वय में अपनी भूमिका एक सहयोगी के रूप में देखता है और संसाधनों के अनुरूप कार्य करने के लिए अपने आप को समर्पित करने के लिए सदेव प्रयास करने के लिए कतार में रहता है।

## विजनः

**समाज में वंचित समुदाय, बच्चों, किशोरों, महिलाओं और व्यक्तिगत उत्थान में उनकी सर्वोत्तम क्षमता के साथ मदद करने के लिए सक्षम वातावरण बनाकर समग्र और सतत विकास की सुविधा प्रदान करना।**

## मिशनः

**राईज़ फाउण्डेशन का मिशन मानवता की सेवा करना और सामाजिक-आर्थिक स्थिति को मजबूत करना और कार्य प्रणाली को मजबूत करने और सूचना के प्रसार के माध्यम से नैतिकता और अखंडता पर ध्यान केंद्रित करके वंचितों के जीवन में अधिकतम योगदान देना और उन्हें डिजिटल समाज में प्रतिस्पर्धा और सफल होने में सक्षम बनाना है।**

## उद्देश्यः

- ❖ कमजोर समुदाय के लोगों की क्षमता निर्माण करना एवं इस प्रकार सशक्त बनाना कि वह अपने हक एवं अधिकारों को समझे और प्राप्त कर सके ऐसे प्रयास करना;
- ❖ सामाजिक महत्व और शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं को जोडना एवं शिक्षा को बढ़ावा देना;
- ❖ बाल संरक्षण में विभिन्न कार्यकर्ताओं का क्षमता निर्माण करना एवं कार्यान्वयन करना;
- ❖ स्वास्थ्य सेवा, पोषण, व्यवसाय, परिवार, बच्चों की शिक्षा और करियर आदि से संबंधित वंचित समुदायों की निर्णय लेने की क्षमता में सुधार करना;
- ❖ कमजोर समुदायों के विकास एवं विकास की गति को मानव विकास सूचकांक के स्तर तक बढ़ाना;
- ❖ बाल संरक्षण और अन्य प्रणालियों को मजबूत करने के लिए नवीन-दृष्टिकोणों को एकीकृत करना;
- ❖ सरकार के साथ सहयोग करने के लिए, जहां भी अवसर मिलता है या आवश्यक होता है करना;
- ❖ गैर सरकारी संगठनों, युवा मण्डलों, महिला समूहों, स्थानीय संगठनों के साथ नेटवर्किंग करना;
- ❖ सामाजिक अनुसंधान और विकास के साथ नीति स्तर के जमीनी मुद्दों पर सरकार के साथ पैरवी करना;
- ❖ देश में भूख, गरीबी और कुपोषण का उन्मूलन, स्वास्थ्य देखरेख एवं स्वच्छता सहित स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना, स्वच्छता को बढ़ावा देना और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना;
- ❖ आजीविका बढ़ाने वाली परियोजनाओं के साथ-साथ विशेष शिक्षा सहित शिक्षा को बढ़ावा देना, और विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों तथा रोजगार बढ़ाने वाले व्यवसायिक कौशल को बढ़ावा देना;
- ❖ अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक विकास और राहत एवं कल्याण इत्यादि;
- ❖ लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, महिलाओं को सशक्त बनाना, महिलाओं और देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए बाल देखरेख संस्थाओं का संचालन करना;
- ❖ वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम, डे केयर सेंटर और ऐसी अन्य सुविधाएं स्थापित करना और सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े समूहों के सामने आने वाली असमानताओं को कम करने के उपाय करना;
- ❖ पर्यावरणीय स्थिरता, पारिस्थितिक संतुलन, वनस्पतियों और जीवों की सुरक्षा, पशु कल्याण, कृषि वानिकी, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और मिट्टी, वायु और पानी की गुणवत्ता हेतु कार्य करना;
- ❖ ग्रामीण खेलों, राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेलों और ओलंपिक को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण;
- ❖ स्लम क्षेत्र का विकास एवं मानवाधिकारों को बढ़ावा देना एवं संरक्षण के लिए कार्य करना इत्यादि।

# वार्षिक प्रगति रिपोर्ट

**( अप्रेल 2021 से मार्च 2022 )**

## 1. कोविड रिलीफ कार्यक्रमः



राइज़ फाउण्डेशन द्वारा बून्दी जिले में कोविड महामारी की द्वितीय लहर के दौरान कोविड रिलीफ कार्यक्रम भामाशाह एवं अन्य संस्थाओं के माध्यम से प्राथमिक स्वाथ्स्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पल्स ऑक्सीमीटर एवं थर्मोस्केनर जैसी आवश्यक मेडीकल उपकरण उपलब्ध करवाकर सहयोग किया गया। इस दौरान बून्दी जिले के 5 सीएचसी एवं 3 शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों पर मास्क, हेण्ड सेनेटाइजर एवं पल्स ऑक्सीमीटर उपलब्ध कराये गये। बून्दी जिले के कोविड केयर सेन्टर में पल्स ऑसीमीटर, थर्मोस्केनर गन, थर्मामीटर, हेण्ड सेनेटाइजर और पीपीई किट उपलब्ध कराकर सहयोग किया गया।संस्था के कार्यो की जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सराहना की गई।

## 2. कोविड वेक्सीनेशन जागरूकता अभियानः







राइज़ फाउण्डेशन द्वारा बून्दी जिले में साप्ताहिक कोविड बचाव हेतु एवं कोविड़ टीकाकरण हेतु जागरूकता अभियान का संचालन किया गया। अभियान के दौरान संस्था द्वारा जिले की चारों ब्लॉक के 92 गॉवों में कोविड जागरूकता अभियान के तहत् जगह-जगह पोस्टर चस्पा किए गए और लाउडस्पीकर एवं वॉलियंटर्स द्वारा आमजन में कोराना से बचाव हेतु उचित व्यवहार अपनाने के लिए जागरूक किया गया। टीकाकरण हेतु पंजीकरण- कोराना टीकाकरण कराने के लिए पंजीकरण करना कैसे करना, कौन-कौन से दस्तावेज एवं सावधानियो का ध्यान रखना है।टीकाकरण के समय ध्यान रखने योग्य बाते, जिसमें पंजीयन के समय उपयोग आईडी को साथ लेजाना, टीकाकरण के बाद निर्धारित निगरानी स्थल पर 30 मिनिनट रूकना एवं पूरी सुरक्षा के लिए दूसरा टीका निर्धारित दिवस पर लगवाना इत्यादि के लिए जागरूक किया गया। टीकाकरण के पश्चात भी 5 व्यवहारों का पालन करना जिसमें 1. मास्क पहनना, 2. बार-बार साबुन से हाथ धोना, 3. उचित 6 गज की दूरी बनाये रखना, 4. लक्षण दिखने पर दूसरों से अगल करना एवं 5. तुरंत चिकित्सक से परीक्षण कराना इत्यादि के लिए जागरूक किया।इस जागरूकता अभियान का जिले में कुल 92 गॉव व बस्तीयों में कोविड वेक्सीनेशन जागरूकता के माध्यम से 3 लाख 23 हजार से अधिक लोगों को जागरूक करने का कार्य किया, जिसकी कफी सराहना की गई।

| Coverage of covid vaccination awareness in the Bundi district | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Date** | **District** | **Block** | **City/Urban** | **Number of village** | **Population covered** |
| 13-05-2021 | Bundi | Bundi | Bundi urban 6 ward | 10 | 44044 |
| 14-05-2021 | Bundi | Taleda | Taleda urban 5 wards | 10 | 35119 |
| 15-05-2021 | Bundi | Keshoray Patan | K.Patan | 11 | 56771 |
| 16-05-2021 | Bundi | Keshoray Patan | Not city cover | 11 | 38642 |
| 17-05-2021 | Bundi | Bundi | Bundi urban 6 ward | 11 | 41818 |
| 18-05-2021 | Bundi | Hindoli | Hindoli | 13 | 39412 |
| 19-05-2021 | Bundi | Nenwan | Nenwan | 11 | 41171 |
| 20-05-2021 | Bundi | Lakheri | Indragarh | 15 | 26783 |
| | | **Total coverage** | **City/Urban-6** | **92** | **323760** |

## 3. अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम विरोधी दिवस :



बून्दी, 12 जून 2021 को अंतरराष्ट्रीय बालश्रम विरोधी दिवस के अवसर पर बूंदी जिले में जागरूकता रैली, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, एक्शनएड, चाइल्डलाइन एवं राइज फाउंडेशन के संयुक्तत तत्वाधान में आयोजित की गई। रैली को मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विशिष्ठ अतिथि सुनील यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुश्री सीमा पोद्दार, अध्यक्ष, छुट्टनलाल शर्मा, घनश्याम दुबे सदस्य, बाल कल्याण समिति रही। राइज फाउंडेशन के प्रभारी मांगीलाल शेखर ने बताया कि रैली बूंदी शहर के मुख्य बाजारों में होती हुई इंदिरा मार्केट,रानीजी की बाबड़ी, कोटा रोड, मिस्त्री मार्केट, विकास नगर होते हुए बाईपास रोड स्थिति गुरुद्वारा में जाकर के सम्पन्न हुई। रैली के दौरान जिला कलेक्टर संपूर्ण रैली मार्ग में साथ रही और दुकानदारों एवं व्यापारियों से बाल श्रम नहीं कराने के लिए जागरूक किया, दुकानदारों एवं व्यापारियों से बालश्रम नही कराने के लिए शपथ-पत्र भरवाए गए और उन्हें दुकान के सामने चस्पा किया गया। इस दौरान बच्चों ने बालश्रम नहीं कराने, शिक्षा एवं सम्पूर्ण विकास से सम्बंधित नारे लगते हुए रैली निकली गई। रैली में कई जगह दुकानदारों ने बच्चों को शरबत पिलाया गया। रैली से पूर्व नागर-सागर कुंद पर जिला कलक्टर ने दुकान पर जाकर दुकानदार से बालश्रम नहीं करने के लिए शपथ दिलाई और चाइल्डलाइन-1098 की टीम ने जागरूकता हेतु बालश्रम रोकथाम पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया, जिसे सेकड़ो लोगो को जागरूक किया। बालश्रम रोकथाम जागरूकता रैली में जिला स्तरीय अधिकारीगण, टैगौर बाल आश्रय गृह, स्काउट व् गाइड, स्वयं सेवी संस्थाए, बच्चों ने भाग लिया। सम्पूर्ण रैली में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनील यादव, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सीमा पोद्दार, श्वेता शर्मा सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग, संरक्षण अधिकारी गोविंद गौतम, हुकुम चंद जाजोरिया सहायक निदेशक, समाज न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजेंद्र व्यास जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, ओम गोस्वामी,

सहायक जिला शिक्षा अधिकारी, गिरिराज गर्ग, सी.ओ. भारत स्काउट व् गाइड, महिला अधिकारिता विभाग, टैगोर बाल गृह के निदेशक दीपक ओझा, रामनारायण, मानव तस्करी विरोधी इकाई से रामनारायण, रामनिवास, अमीना, इंदिरा, महेंद्रसिंह,चाइल्डलाइन-1098 समन्वयक प्रीती दुबानी एवं टीमसहित 150 से अधिक बच्चो एवं अधिकारियो ने भाग लिया।

## 4. नांमाकन जागरूकता अभियानः



बून्दी, 27 जून, 2021 को 'विद्यालयों में बच्चों के नामांकन हेतु जागरूकता अभियान' शिक्षा विभाग, भारत स्काउट एवं गाइड एवं राइज फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में महारानी राजकीय उच्च माधमिक विद्यालय, बून्दी से आयोजित किया। इस दौरान संस्था द्वारा नेहरू युवा केन्द्र के वॉलंटियर्स के साथ ऑनलाइन चर्चा की गई और अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे बच्चों खासकर लडकियो/किशोरी बालिकाओं को चिन्हित करने के लिए जागरूक किया गया कि आपके गॉव/मोहल्ले में कोई भी लडकी जो विद्यालय नहीं जाती उसे चिन्हित करना है, उसके पश्चात माता-पिता से मिलकर कारण समझना है, अभिभावको को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की भी जानकारी दी गई ताकि उनको लडकियों बोझ नहीं समझी जाये। दूसरी ओर ऐसे गॉव चिन्हित किए जहां अल्पसंख्यक समुदाय है, वंचित समुदायों की बाहुल्यता है, ऐसे स्थानों पर रैली निकालकर लोगो को जागरूक किया गया व प्रोत्साहित किया कि बच्चे पढेगे तभी आपकी गरीबी एवं अन्य समस्याएं दूर हो सकेगी। संस्था का विश्वास है कि देश में गरीबी को मिटाने के लिए शिक्षा ही ऐकमात्र ऐसा तरीका है जो लोगो को आने वाले समाय में गरीबी एवं अन्य समास्याओं से बाहर निकाल सकते है। इस दौरान 20 गॉवों में जागरूकता रैली वॉलंटियर्स एवं शिक्षा विभाग के साथ मिलकर निकाली गई और सत्-प्रतिशत नामांकन करने के लिए सहयोग किया गया। इस दौरान 427 बच्चों का नामांकन भी कराया गया।

## 5. किशोरी बालिका सशक्तिकरण हेतु शिक्षा सेतु नामांकन अभियान :

राइज़ फाउण्डेशन का जैसा कि विश्वास है कोई भी देश जब जक विकास नहीं कर सकता, जब जक वहां के बच्चों एवं महिलाओं को सशक्त नहीं बनाया जाता। बच्चों एवं महिलाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा दोनो ऐसे मुद्दे है जो बच्चों, खासकर किशोरियों के विकास में बाधक बनते है। इसलिए संस्था द्वारा शिक्षा के साथ बालिका सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है। संस्था शिक्षा और सुरक्षा के लिए नियमित फोकस करती रहती है। संस्था द्वारा नेहरू युवा केन्द्र वॉलंटियर्स के माध्यम से नामांकन अभियान के दौरान ऐसे किशोरियों को भी सूचीबद्व किया गया था जिन्होने किसी करणवस अपनी पढाई छोड दी है या नियमित विद्यालय नहीं जा रही है। बून्दी जिले में इस दौरान करीब 672 से अधिक 11 से 19 आयु वर्ग की किशोरियों को चिन्हित किया गया। इस कार्य में नेहरू युवा केन्द्र वॉलंटियर्स के साथ महिला अधिकारिता विभाग की ग्राम साथिन के माध्यम से यह आंकडे एकत्रित किए गए।



राइज फाउण्डेशन द्वारा उक्त चिन्हित किशोरी बालिकाओं को पुनः शिक्षा से जोडने के लिए शिक्षा सेतु योजना का प्रचार-प्रसार किया गया ताकि उथ्त चिन्हित बालिकाओं को पुनः शिक्षा से जोडा जा सके। राइज फाउण्डेशन द्वारा बून्दी जिले में 20 अगस्त, 2021 को किशोरी बालिका सशक्तिकरण की दिशा में  राज्य सरकार एवं राजस्थान राज्य ऑपन स्कूल की संयुक्त योजना शिक्षा सेतु योजना के तहत् जागरूकता कार्यक्रम शिक्षा विभाग एव नेहरू युवा केन्द्र एवं ग्राम साथिन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। उन्हें प्रोत्साहित किया गया और चिन्हित बालिकाओं को पुनः शिक्षा से जोडने के लिए अभियान की शुरूआत की गई और 1500 से अधिक किशोरियों एवं महिलाओं को जिले में शिक्षा सेतु योजना से जोडने जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता, नेहरू युवा केन्द्र वॉलंटियर्स एवं राइज ने संयुक्त रूप से लक्ष्य निर्धारित किया। इस शैक्षिक सत्र में संयुक्त प्रयास से 1178 से अधिक किशोरियों एवं महिलाओं को शिक्षा सेतु योजना में जोडने में सफलता हासिल की गई।

## 6. टीचर्स डे :




बून्दी, 05 सितम्बर, 2021 को शिक्षा विभाग, भारत स्काउट व गाइड एव नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में राइज फाउण्डेशन द्वारा टीचर्स डे मनाया गया। इस दौरान भारत स्काउट व गाइड भवन के सभाकक्ष में अध्यापको के साथ बैठक का आयोजन किया गया और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को सम्मनित किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्वेश्य रहा है कि शिक्षा प्रणाली को ओर मजबूत करना तथा अच्छा कार्य करने वाले अध्यापकों को प्रोत्साहित करना और जिले में सकारात्मक माहौल प्रदान करना। इस अवसर पर महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अग्रेजी माध्यम नमाना के प्रिंसीपल श्री नरेन्द्र शर्मा, माटूदा के प्रधानाध्यापक श्री श्रीमती सुशीला देवी एवं हिण्डेली के देवनारायण छात्रावास के प्रबन्धक श्री राजेन्द्र प्रसाद को सम्मानित किया गया।

## 7. अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस :



बून्दी, 8 सितम्बर, 2021 को 'अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' शिक्षा विभाग, भारत स्काउट एवं गाइड एवं राइज फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय उच्च माधमिक विद्यालय, बून्दी में रैली निकालकर मनाया गया। रैली को मुखय जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती तेजकंवर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के मुख्य बाजारों में होती हुई अहिंसा सर्किल होती हुई स्काउट व गाइड कार्यालय में एक संगोष्ठी के रूप में समायोजित हुई। संगोष्ठी में जिला प्रमुख मुख्य अतिथि रही, जिनका पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत किया गया। उसके बाद सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए जिसमें जिले की साक्षरता दर को बढाने के लिए अथक प्रयास करने और सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया गया। राइज फाउण्डेशन के प्रभारी श्री मांगीलाल शेखर ने अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं वक्ताओं ने महिलाओं के लिये संचालित सरकारी  योजनाओं और महिला कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## 8. कोविड की द्वितीय लहर का बच्चों पर प्रभाव पर सर्वे:

बून्दी, 2 अक्टूर, 2021 से 17 अक्टूवर तक कोविड की द्वितीय लहर का बच्चों के जीवन एवं शिक्षा पर क्या प्रभाव पड रहा है, राइज फाउण्डेशन ने जिले में 150 बच्चों के साथ ऑनलाईन लघु अध्ययन किया गया। इस दौरान 75 अभिभावकों एवं 75 बच्चों के साथ गूगल फार्म के माध्यम से अध्ययन किया गया। इस दौरान अभिभाकों से पूछा गया कि कोविड़ के दौरान बच्चों ने घर पर रहकर कैसे अध्ययन किया। क्या आपके बच्चों को मिड-डे-मील के स्थान पर सूखा राशन दिया गया। बच्चों ने मोबाईल पर कितना समय बिताया। उनका मूल्यांकन हुआ नहीं, क्या बच्चे अवसाद में तो नहीं है। घर पर रहने के दौरान सुरक्षा संबंधी कौनसी समस्याओं का सामना करना पडा। बच्चों के मानसिक एवं भावनात्मक क्या प्रभाव पडा है। इसकी विस्तृत रिपोर्ट अलग से तैयार की गई है।

## 9. बाल अधिकार सप्ताह 2022:

बून्दी, 14 से 20 नबम्बर 2021 तक बाल अधिकार सप्ताह का आयोजन बाल अधिकारिता विभाग, बाल कल्याण समिति एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई, श्रम विभाग एवं चाइल्डलाइन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। उक्त के दौरान संस्था द्वारा उक्त के संयुक्त तत्वाधान में बाल संरक्षण हितधारकों के साथ आयोजित कार्यशाला में कानूनों, अधिनियमों व विधियों के प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन के लिए प्रमुख स्वतंत्र प्राधिकरण है के सानिध्य में किशोर न्याय ( बालकों की देखरेख एवं संरक्षण ) अधिनियम, 2015 एवं संसोधित अधिनिमय 2021 के नवीन प्रावधानों पर चर्चा एवं बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों की भूमिका तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 में विभिन्न हितधारकों की भूमिका इत्यादि पर विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत चर्चा की जायेगी। कार्याशाला में बाल संरक्षण से संबंधित विभाग के जिला/ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, विशेष किशोर पुलिस इकाइ व बाल कल्याण पुलिस अधिकारी इत्यादि ने भाग लिया।

14 नवम्बर को महारानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बून्दी में बालिकाओं के साथ बालिका सुरक्षा एवं संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 15 नवम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भैरूपुरा औझा में बाल विवाह रोकथाम एवं सुरक्षित व असुरक्षित स्पर्श पर बच्चों के साथ संवाद किया गया। 16 नवम्बर को महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्वालय नमाना में वर्ल्ड विजन संस्था के साथ मिलकर आयोजित किया गया, जिसमें बाल कल्याण समिति एवं एक्शनएड़ एवं चाइल्डलाइन इत्यादि संस्थाओं ने भाग लिया। 20 नवम्बर को टेगोर खुला आश्रयगृह में आयोजित किया गया जिसमें राइज की ओर मांगीलाल शेखर ने भाग लिया।



## 10.महिला हिंसा विरोधी दिवसः

बून्दी, 25 नवम्बर 2021 को राइज फाउण्डेशन एवं महिला अधिकारिता द्वारा ग्राम साथिन के साथ महिला अधिकारों पर जागरूकता हेतु कार्याशाला का आयोजन कर महिला हिंसा विरोधी मनाया गया। इस दौरान महिला अधिकारिता के सहायक निदेशक जयसिंह जीम ुख्य अतिथि रहे। महिला हिंसा विरूद्ध जागरूकताः संस्था द्वारा महिलाओं पर होनें वाले घरेलू हिंसा के बारे में, समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करना व सभी को समझाना कि अपनी बहुओं को भी अपनी बेटी के समान समझे दहेज के लिये महिलाओं को परेशान ना करें समाज मे दहेज के कारण महिलाओ पर अत्याचार अत्यधिक हो रहे हैं इन्हें रोकने के लिये समय-समय पर संस्था ने जागरूकता अभियान चलाऐ हैं।



## 11.अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस 2021:

बून्दी, 10 दिसम्बर 2021 को अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पंचायत समिति बून्दी में प्रधान मुन्नी मीणा की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रही विकास अधिकारी मनजोत कौर और शिक्षा विभाग के ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के संयुक्त तत्वाधान में राइज फाउण्डेशन ने अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं साथिन ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया, जहां उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध कानून एवं महिला अधिकारों के साथ बाल संरक्षण से संबंधित कानूनो पर प्रशिक्षित किया गया। इस अबसर पर प्रधान प्रेमबाई मीणा ने महिला संरक्षण एवं बाल संरक्षण के लिए संचालित सरकारी योजनाओं को आम महिलाओं तक पहुच बढाने के लिए जोर दिया और महिला अत्याचारों की रोकथाम के



पत्रिका

घर-घर बिजली-उम्मीदें खिलीं

### जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, बाल संरक्षण हितधारकों की कार्यशाला

बूंदी @ पत्रिका. अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर शुक्रवार को जिला बाल संरक्षण इकाई एवं राइज फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला हुई। पंचायत समिति सभागार में हुई कार्यशाला की अध्यक्षता प्रधान प्रेम बाई मीणा ने की। एक्शनएड, यूनिसेफ के जोनल कॉर्डिनेटर मांगीलाल शेखर ने बताया कि कार्यशाला में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सीमा पोद्दार, सदस्य छुट्टनलाल शर्मा, घनश्याम दुबे, संरक्षण अधिकारी गोविंद गौतम, बीसीएम एण्ड एचओ डॉ. मुकेश बाबरा, जय सिंह सुपरवाइजर, महिला अधिकारिता, समस्त सरपंच पंचायत समिति की मौजूदगी में बाल संरक्षण के मुद्दों पर समीक्षा की गई। कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी गोविंद गौतम ने मौजूद अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष पोद्दार ने बाल श्रम, बाल विवाह रोकथाम और शिक्षा से जुड़े हुए विषयों पर विस्तार से बताया।

बूंदी. सम्बोधित करती बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सीमा पोद्दार।

लिए महिला सशक्तिकरण एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने के लिए कहा और उन्होने कहा कि शिक्षा ही ऐसा उपाय है कि जिसे प्राप्त करने के उपरान्त ही सशक्त किया जा सकता है। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सीमा पोद्दार, बीसीएमएसओं डा. मुकेश बाबरा, प्रोटेक्शन ऑफीसर श्री गोबिन्द गौतम सहित 40 से अधिक कार्यकर्ता एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## 12.अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2022:



बून्दी, 24 जनवरी 2021 को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस राइज फाउण्डेशन ने महिला अधिकारिता विभाग बून्दी के साथ राजस्थान मनाया गया। मुझे इस दौरान लिटिल एंजल स्कूल में बच्चों के साथ मनाये जाने का अवसर मिला जिसमें बच्चों ने बेटी बचाओं बेटी पढाओं काव्य पाठ किया गया। इस दौरान संस्था द्वारा जागरूकता रैली, पम्पलेट्स वितरण, तथा स्कूलों में घटते लिंगानुपात पर जागरूकता कार्यक्रम आदि गतिविधियों के आयोजन में अपेक्षित तकनीकी सहयोग किया जा रहा है। महिला अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी जन्मोत्सव दिवस के रूप में प्रत्येक माह की 24 तारीख को मनाया जाता है जिसमें संस्थान प्रतिमाह एक विद्यालय में जाकर बच्चों एवं किशोरों को बालिकाओं के प्रति मानसिकता में सकारात्मक वातावरण निर्माण हेतु जागरूक किया जारहा है। जिला प्रशासन एवं संस्था द्वारा विशेष अवसरों पर बेटी बचाने एवं बेटीओं की पढाई के लिए शपथ दिलाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग किया जा रहा है।

## 13.अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 :



बून्दी, 8 मार्च,2022 को जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग एवं राइज फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस खेल संकुल बून्दी में जिला कलक्टर महोदय की उपस्थिति में आयोजन किया गया। महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने तथा अपने के अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्येष्य से मनाया तथा महिलाओं के लिए सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी और अन्तर्राश्ट्रीय महिला दिवस के बारे में जानकारी दी और षोशण के खिलाफ संगठित होकर अवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कई प्रकार की मनोरंजन गतिविधियां आयोजति की गई। रंगोली प्रतियोगिता, कुर्सी दौड, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान ग्राम साथिन, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं जिले की किशोरी बालिाओं सहित 300 से अधिक ने भाग लिया।

## 14.राइज़ फाउण्डेशन बोर्ड की वार्षिक बैठकः-

संस्था के बोर्ड की बैठक वर्ष में 2 बार आयोजित की जाती है। अर्द्धवार्षिक बैठक 30 सितम्बर 2021 को जयपुर कार्यालय में आयोजित की गई। पूर्व बैठक का फोलो-अप एवं अगले वर्ष में किए जाने वाले मुद्दो पर चर्चा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बोर्ड के 4 ट्रस्टीयों ने भाग लिया, जो निम्नलिखित हैः-

| नाम | पद |
|---|---|
| श्री मांगी लाल | फाउण्डर ट्रस्टी |
| सुश्री दीपल सोलंकी | मेनेजिंग ट्रस्टी |
| श्री राजकुमार पालीवाल | ट्रस्टी |
| श्री देवकिशन परमार | ट्रस्टी |

उक्त बैठक में निम्न निर्णय लिए गयेः-

- इस बैठक में विगत बैठक में लिए गए निर्णयों का अवलोकन किया गया और सभी प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पारित किया गया।
- अगले वर्ष होने वाली गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें बाल संरक्षण पर प्रमुखता से कार्य करने के लिए प्रस्ताव श्री राजकुमार पालीवाल ने रखा जिसमें उन्होने बताया कि संस्था के संसाधानों को धन में रखते हुए सरकार के साथ एडवोकेसी और बाल संरक्षण हितधारकों की क्षमतावर्धन पर कार्य करना आसान है। संस्था वर्ष 2022-23 में जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, विशेष किशोर पुलिस इकाई, एवं बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना के निर्मित जिला स्तरीय टास्क फार्स के साथ कार्य करने का प्रस्ताव प्रारित किया गया।
- संस्था के ट्रस्टी सुश्री दीपल सोलंकी ने बालिका शिक्षा एवं किशोरी सशक्तिकरण के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें राज्य में जहां भी संस्था की पहुंच है वहां शिक्षा विभाग एवं ऑपन स्कूल के साथ मिल कर किशोरी बालिकाएं जो ड्रॉप-आउट है उनका चिन्हीकरण एवं शिक्षा सेतु योजना के माध्यम से पुनः नामांकन करना प्रमुख कार्य हो सकता है। उन्होने यह भी बताया कि यह कार्य नेहरू युवा केन्द्र वॉलंटियर्स को प्रोत्साहित करते हुए एवं क्षमतावर्धन करते हुए कार्य किया जा सकता है, इस प्रस्ताव को भी सर्व सम्मति से पारित किया गया।
- संस्था के श्री देवकिशन परमार ने बताया कि संस्था के सीमित संसाधनों को ध्यान में रखते हुए अन्य स्वयं सेवी संस्थ्ज्ञाओं एवं सरकार के साथ मिलकर विशेष दिवसों को मनाना चाहिए जिससे लागत भी कम आयोगी और संयुक्त प्रयास से आसानी से कार्य किया जा सकता है।
- संस्था के फाउण्डर ट्रस्टी श्री मागीलाल ने बताया कि हमें संसाधानों को बढाने के लिए सीएसआर के साथ संबंध स्थापित करने की आवश्यकता है। और यह भी कहा कि हमें जहां भी अवसर मिले अन्य स्वयं सेवी सेवी संस्थाओं से संपर्क करते हुए संसाधन विकास पर अवसर खोजने के लिए कार्य करना है, जिसे सभी उपस्थिति सदस्यों ने सर्व सम्मति से पारित किया गया।
- उपरोक्त के अतिरिक्त संस्था की ऑडि सीए श्री जितेन्द्र जैमन से कराने पर सहमति प्रदान की गई।
- सदस्यों ने उपरोक्त सभी प्रस्तावों को सर्व सम्मति से पारित किया और बैठक सम्पन्न की गई।

## 15.नेटवर्किंग एवं सहयोगी संस्थाएं :

**राईज़ फाउण्डेशन, समुदाय में जागरूकता बढाने एवं उनको सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से सरकारी, गैर सरकारी संगठन, समुदाय आधारित संगठन, स्वयं सहायता समूह, एवं भामाशाहों के साथ अर्थिक सहयोग करने वाली संस्थाओं के साथ नेटवर्क बनाकर कार्य करती है वर्तमान में निम्न सहयोगी है:-**

- **जिला प्रशासन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, बून्दी।**
- **शिक्षा विभाग एवं भारत स्काउट व गाइड़, बून्दी।**
- **महिला अधिकारिता ( महिला एवं बाल विकास विभाग ) बून्दी।**
- **नेहरू युवा केन्द्र, बून्दी।**
- **बाल कल्याण समिति, बून्दी।**
- **सोसल एक्शन फोर रूरल एडवान्समेन्ट सोसायटी, लक्ष्मीपुरा, सीकर।**
- **एक्शनएड एसोसिएशन, जयपुर।**

RISE FOUNDATION

BALANCE SHEET AS ON 31/03/2022

| LIABILITIES | AMOUNT | ASSETS | | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|
| Mangi Lal | 86,685.00 | Bank of Maharasra-60381147419 | | 2,045.36 |
| Outstanding Expenses | 69,814.00 | Excess of Expenditure over Income | | |
| | | Opening Balance | 74,115.84 | |
| | | Add: during year | 80,337.80 | 154,453.64 |
| | 156,499.00 | | | 156,499.00 |

INCOME & EXPENDITURE ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED 31/03/2022


| EXPENDITURE | | AMOUNT | INCOME | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|
| **To Administrative Expenses** | | | By Bank Interest | 47.00 |
| Meeting Expenses | 2,844.00 | | | |
| Printing and Stationary | 5,500.00 | | By Excess of expenses over income | 80,337.80 |
| Bank Charges | 70.80 | | | |
| Travelling | 3,375.00 | 11,789.80 | | |
| **To General Purpose** | | | | |
| Child right Week Celebration | 7,935.00 | | | |
| Covid 19 Awareness Programme | 9,150.00 | | | |
| Enrolment Campaign | 3,905.00 | | | |
| Human Rights Day Celebration | 4,437.00 | | | |
| International Day Child Labour | 1,225.00 | | | |
| International Girl Child and Celebration | 7,560.00 | | | |
| International Women's Day | 5,142.00 | | | |
| National Girls Child Day 2021 | 8,630.00 | | | |
| Shiksha Setu Scheme Enrolment Campaign | 12,087.00 | | | |
| Study on Covid 19 Report Expenses | 2,500.00 | | | |
| Teachers Celebration Day | 350.00 | | | |
| Travelling | 2,400.00 | | | |
| Violence Against Women Fortnight Campaign | 3,274.00 | 68,595.00 | | |
| | | 80,384.80 | | 80,384.80 |

RECEIPT AND PAYMENT ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED 31/03/2022

| RECEIPT | AMOUNT | PAYMENT | AMOUNT |
|---|---|---|---|
| To Opening Balance | | | |
| Bank of Maharasra-60381147419 | 13,969.16 | By Bank Charges | 70.80 |
| To Bank Interest | 47.00 | By Mangi Lal | 10,500.00 |
| | | By Sandeep Meena | 1,400.00 |
| | | By Closing Balance | |
| | | Bank of Maharasra-60381147419 | 2,045.36 |
| | 14,016.16 | | 14,016.16 |

For RISE FOUNDATION

# राइज़ फाउण्डेशन




RISE FOUNDATION

**पंजीकृत कार्यालयः**

सी-47, एफ-4, मंगलम् सिटी, कालवाड़ रोड़, जयपुर - 302012

संम्पर्कः 8058401819, 7877318378, ईमेलः risefoundation20@gmail.com